नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृतांत

अप्रैल – जून 2025



श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय के खुलने के अवसर पर हवन

श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के खुलने के अवसर पर हवन

गंगोत्री धाम चिकित्सालय के खुलने के अवसर पर हवन

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः


https://www.twitter.com/svhmuk

https://www.facebook.com/svhmu

https://www.svhmuk.in

svhmuk@gmail.com


"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।"

-स्वामी विवेकानन्द

# संपादक की कलम से

हर वर्ष इस तिमाही में सोसाइटी के सर्वाधिक पुण्यवान और दैवीय सेवा प्रकल्प, चार धाम चिकित्सालयों की शुरुआत होती है। उत्तराखंड राज्य के चार धामों में संचालित ये पूर्णतः निःशुल्क और चौबीसों घंटे क्रियाशील चिकित्सालय चार धाम यात्रा के समय तीर्थयात्रियों और स्थानीय जनमानस को उच्चतम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य सेवाएं प्रदान करते हैं। इस वर्ष भी धामों के कपाट खुलने के साथ ही ये चिकित्सालय भी पूरे विधि विधान और अनुष्ठानों के साथ अविरल सेवा हेतु सज्ज हो गए।

सोसाइटी के लिए वह पल अविस्मरणीय था जब उत्तराखंड राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने गंगोत्री धाम चिकित्सालय का भ्रमण किया, सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी ली एवं रोगियों और कार्यरत डॉक्टर्स व स्टाफ से भेंट की। उनके मुख से की गयी प्रशंसा ने हमारे मनोबल को नवीन ऊंचाइयां पर पहुंचा दिया और सोसाइटी उनके इस सराहनीय भाव के लिए आभार व्यक्त करती है।

एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के द्वारा उनके सीएसआर निधि के अंतर्गत सोसाइटी के धर्मावाला चिकित्सालय में एम.आर.आई. और डिजिटल मैमोग्राफी इकाई की स्थापना की स्वीकृति। ये दोनों सुविधाएं धर्मावाला चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ लेने वाले आस पास, सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों के रोगियों के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेंगी और इस सुविधा के लिए दूर के शहरी केंद्रों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे सामाजिक व आर्थिक रूप से अशक्त रोगियों और उनके परिवारों पर शारीरिक, वित्तीय और भावनात्मक भार कम होगा।

इस तिमाही की एक अन्य उपलब्धि रही उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल की एथिकल कमिटी के चेयरमैन के प्रतिष्ठित पद के लिए सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल का चयन। इस विशिष्ट पद के लिए डॉ. अनुज का नामांकन उनकी सत्यनिष्ठ, कर्तव्यपरायण और कर्मठ छवि के बारे में बहुत कुछ बताता है।

इस तिमाही में सोसाइटी ने धर्मावाला चिकित्सालय में तीन विशेष सर्जरी शिविर आयोजित करने में अन्य परोपकारी संगठनों के साथ फिर से सहयोग किया, पहला द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई और होप फाउंडेशन, देहरादून के सहयोग से आयोजित एक स्पाइन शिविर, दूसरा नॉर्थ जोन चैप्टर ऑफ यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (NZUSI) और उत्तराखंड यूरोलॉजी सोसाइटी (UKUS) के सहयोग से एक यूरो सर्जरी शिविर और तीसरा एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (ASI), एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया – उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड (UPASI) और देहरादून सिटी चैप्टर के सहयोग से आयोजित सर्जरी शिविर।

इस तिमाही के उत्सवों में वर्षगांठ और त्योहार सम्मिलित रहे, जिन्हें सभी डॉक्टरों और स्टाफ ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इनमें प्रमुख थे उत्तराकाशी, श्री बद्रीनाथ धाम और वृंदावन चिकित्सालयों के स्थापना दिवस समारोह। अन्य त्योहारों में राम नवमी, हिंदू नव वर्ष, हिंदू साम्राज्य दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदि सम्मिलित रहे।

आने वाली तिमाही धर्मावाला चिकित्सालय में एम.आर.आई., डिजिटल मैमोग्राफी और कैथ लैब सुविधाओं के शुभारंभ के साथ स्मरणीय बनने वाली है और सोसाइटी इसके लिए अपने शुभचिंतकों और दानदाताओं के लिए हृदय से आभारी है।

**सिंहवत्सर्ववेगेन पतन्त्यर्थे किलार्थिनः॥**

स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी
नर सेवा नारायण सेवा

## अनुक्रमणिका


03
हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय

04
तिमाही विशेष

05-08
विशेष चिकित्सा शिविर

09
चार धाम आलेख

10-11
कुछ कहानियां सफलता की

12
सामुदायिक चिकित्सा शिविर

13
चार धाम चिकित्सालय के सेवाभावी वालंटियर डॉक्टर्स

14-15
मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

16
सामुदायिक कार्यक्रम

17-18
समारोहों की झलकियां

19
आंकड़े



**संपादकीय एवं रूपांकन टोली**
डॉ. ताराश्री सिंघल
डॉ. दीपक सिन्हा
श्रीमती स्वाति नायर

# हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय



**धर्मावाला**
सितम्बर 2012



**उत्तरकाशी**
दिसम्बर 2016



**नारायणकोटी**
मई 2017



**बड़कोट**
सितम्बर 2017



**पीपलकोटी**
जनवरी 2018



**श्री बद्रीनाथ धाम**
मई 2019



**पेटशाल**
जुलाई 2019



**श्री केदारनाथ धाम**
सितम्बर 2019



**हरिद्वार**
जनवरी 2021



**गंगोत्री धाम**
सितम्बर 2021



**डुमेट**
दिसम्बर 2021



**दिल्ली**
सितम्बर 2022



**फिरोजाबाद**
फरवरी 2024



**वृन्दावन**
जून 2024

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन 2012 में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धामों में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च कोटी की स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24X7 कार्यरत हैं और इनमे कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमें प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है, एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 14 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# तिमाही विशेष

## उत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी का गंगोत्री धाम चिकित्सालय में प्रवास

**30 अप्रैल** को हमारे **गंगोत्री धाम चिकित्सालय** के लिए एक स्मरणीय अनुभूति रही जब उत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी ने चिकित्सालय का भ्रमण किया, सुविधाओं व सेवाओं के बारे में विस्तार से जाना एवं भर्ती रोगियों से भेंट कर उनका कुशल क्षेम पूछा। माननीय मुख्यमंत्री जी दी जा रही सुविधाओं से अत्यंत प्रभावित हुए और प्रशंसा की, साथ ही उन्होंने सभी डॉक्टर्स एवं स्टाफ से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्री सुरेश चौहान जी भी उपस्थित रहे। माननीय मुख्यमंत्री जी को सोसाइटी का वार्षिक वृत्तान्त भी भेंट किया गया।



माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी रोगी से कुशल क्षेम लेते हुए

## उत्तरकाशी के माननीय जिलाधिकारी श्री प्रशांत आर्य जी का गंगोत्री धाम चिकित्सालय में प्रवास

**28 जूनः स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम** में उत्तरकाशी के जिलाधिकारी श्री प्रशांत आर्य जी का आगमन हुआ। इस अवसर पर चिकित्सालय की गतिविधियों, सेवाओं एवं आवश्यकताओं पर आत्मीय संवाद हुआ। वर्ष 2024–25 की वार्षिक वृत्तान्त पुस्तिका उन्हें भेंट की गई व उनके विचारशील मार्गदर्शन एवं सरलता पूर्ण व्यवहार से समस्त स्टाफ को नई ऊर्जा की अनुभूति हुई। यह भेंट केवल औपचारिक नहीं, अपितु सेवा, सहयोग और संवेदनशील प्रशासन का सजीव उदाहरण बनी।



## सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल का उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल की एथिकल कमेटी के चेयरमैन पद पर चयन

**09 मई**ः एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि लेकर आई जब स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल को उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल की एथिकल कमेटी (Ethical, Disciplinary, and Redressal Committee-EDRC) का चेयरमैन चुना गया। EDRC डॉक्टरों के खिलाफ व्यावसायिक कदाचार की शिकायतों की जांच करने और उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार है। डॉ अनुज का इस पद पर चयन होना सम्पूर्ण संस्था के लिए गर्व का विषय है। यह चयन उनके कार्य के प्रति समर्पण, सत्यनिष्ठा, न्यायप्रियता और उज्ज्वल व्यक्तित्व का प्रतीक है। यह उपलब्धि हम सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।



# विशेष चिकित्सा शिविर

## धर्मावाला: नॉर्थ जोन चैप्टर ऑफ यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (NZUSI) द्वारा यूरो सर्जरी शिविर का आयोजन

4 मई को आयोजित हुए इस शिविर में कुल 18 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इस शिविर में अपनी सेवा देने आये हुए यूरोलॉजिस्ट तथा उनके सहयोगियों के लिए एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें , डॉ. पी. पी. सिंह जी (पूर्व अध्यक्ष, NZUSI), डॉ. उमेश शर्मा (कोषाध्यक्ष, NZUSI ), डॉ. हरेंद्र गुप्ता (अध्यक्ष, UKUS), डॉ. एस. के. पाल, डॉ. शैलेंद्र गोयल (संयोजक, NZUSI), डॉ. प्रशांत लवानिया (सह–संयोजक, NZUSI), डॉ. अश्विन माल्या, डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. मनोज विश्वास, डॉ. विकास बंसल और डॉ. आशुतोष सिंह का चिकित्सालय द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही NZUSI के द्वारा सोसाइटी को सहयोग राशि भी भेंट की गयी।




## धर्मावाला: स्पाइन सर्जरी शिविर: द स्पाइन फाउंडेशन (मुंबई) व होप फाउंडेशन (देहरादून) के सहयोग से आयोजित हुए स्पाइन सर्जरी शिविर

गत तीन वर्षों से नियमित रूप से वर्ष में दो बार द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई, होप फाउंडेशन, देहरादून व स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के सहभागिता से आयोजित हो रहे इन स्पाइन सर्जरी शिविरों में दुर्लभ व जटिलतम स्पाइन की सर्जरी सफलतापूर्वक संपादित की जा रही हैं। 10 मई को आयोजित हुए इस धर्मार्थ शिविर में 8 अत्यंत कठिन स्पाइन सर्जरी, द स्पाइन फाउंडेशन के ट्रस्टी व वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. शेखर वाई. भोजराज एवं उनकी टीम द्वारा संपन्न करी गयीं। आर्थिक रूप से अशक्त रोगियों की सर्जरी का व्यय होप फाउंडेशन के द्वारा वहन किया गया। सोसाइटी द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई व होप फाउंडेशन, देहरादून का सहृदय आभार व्यक्त करती है।




# विशेष चिकित्सा शिविर

## धर्मावाला: एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (ASI), उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड चैप्टर (UPASI) एवं देहरादून सिटी चैप्टर द्वारा सर्जरी शिविर का आयोजन

एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (ASI), उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड चैप्टर (UPASI) एवं देहरादून सिटी चैप्टर द्वारा नियमित रूप से विशेष सर्जरी शिविरों का आयोजन स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द धमार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला में किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार की जटिल व कठिन सर्जरी प्रख्यात सर्जन्स के द्वारा सफलतापूर्वक करी जा रही है।

ऐसा ही एक सामाजिक सेवा शिविर (Social Service Camp) इस तिमाही में दिनांक 21 एवं 22 जून को धर्मावाला, चिकित्सालय में आयोजित किया गया जिसमें कई गरीब एवं वंचित वर्ग के रोगियों को सर्जिकल परामर्श, जांच एवं कई जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक सम्पन्न करी गईं।

इस शिविर में अपनी सेवा देने आये हुए सर्जन्स व उनके सहयोगियों के लिए एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. प्रवीण आर. सूर्यवंशी, अध्यक्ष, ASI, डॉ. निखिल सिंह, अध्यक्ष, UPASI, डॉ. आशुतोष सयाना, अध्यक्ष, देहरादून सिटी चैप्टर, डॉ. जे. पी. शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, UPASI, डॉ. प्रशांत लवानिया, संयोजक, सोशल सर्विस कैंप, डॉ. अक्षय आनंद, मानद सचिव, UPASI, डॉ. प्रदीप सिंघल, मानद सचिव, देहरादून सिटी चैप्टर और डॉ. अंशिका ए मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य, UPASI का चिकित्सालय द्वारा सम्मान किया गया।










# विशेष चिकित्सा शिविर

## धर्मावाला: नियमित पाक्षिक यूरो सर्जरी शिविर

हर माह के दूसरे व अंतिम रविवार को स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला में गत आठ वर्षों से नियमित धर्मार्थ यूरो सर्जरी का शिविर लगाया जाता है जिनमें दिल्ली/आगरा व भारत के विभिन्न राज्य व शहरों से प्रख्यात यूरोलोजिस्ट्स की टीम अपनी निःस्वार्थ एवं उत्कृष्ट सेवाएं देने हेतु आते हैं और पहाड़ी, जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों में निवास करने वाले रोगियों को उच्च कोटी की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करते हैं।

इस तिमाही में इन यूरोलोजिस्ट्स द्वारा कुल 6 शिविरों में 50 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी।



## धर्मावाला: नेत्र सर्जरी शिविर

स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, धर्मावाला का नेत्र रोग विभाग, नई बिल्डिंग के चौथे तल पर क्रियाशील है व हर प्रकार के आधुनिक एवं नवीनतम उपकरणों व सुविधाओं से सुसज्जित है।

इस तिमाही में आयोजित हुए इन शिविरों में नेत्र सर्जन प्रोफेसर डॉ राजकुमार गुप्ता ने अपना अमूल्य योगदान दिया। प्रोफेसर डॉ. राजकुमार गुप्ता राजकीय मेडिकल कॉलेज पीलीभीत, उत्तर प्रदेश में नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष हैं व हर माह के अंतिम रविवार को अपनी निःस्वार्थ एवं उत्त्कृष्ट सेवा देने आते हैं।

कुल मोतियाबिंद व अन्य नेत्र सर्जरी : 62



नेत्र सर्जन डॉ राजकुमार गुप्ता (मध्य में) लाभार्थियों से साथ

## पेटशाल: नेत्र रोग शिविर

स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, पेटशाल में हर माह नेत्र रोग का विशेष शिविर नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है जिसमें अल्मोड़ा से वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ जे सी दुर्गापाल अपनी निःस्वार्थ एवं उत्कृष्ट सेवाएं देने आते हैं।

इस तिमाही में पेटशाल में आयोजित हुए कुल रोग शिविरों में डॉ जे सी दुर्गापाल द्वारा पेटशाल, उसके आस पास व दूरस्थ क्षेत्रों के रोगियों की नेत्र जांच करी गई।

जिन रोगियों को आपरेशन की आवश्यकता थी उन्हें अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज रेफेर कर ऑपरेशन हेतु भेज दिया व हर सम्भव सहायता प्रदान करी गई।



# विशेष चिकित्सा शिविर

## बड़कोट चिकित्सालयः हड्डी रोग शिविर

03 से 07 अप्रैल तक स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, बड़कोट में आयोजित इस पांच दिवसीय विशेष शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ पवन गर्ग, MS Ortho ने अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान करीं।

इस शिविर में बड़कोट के आसपास व दूर पहाड़ी क्षेत्रों के ग्रामीण लाभार्थी अपनी हड्डी एवं मासपेशियों सें संबंधित तकलीफों को उपचार कराने बड़ी संख्या में पंहुचे।

इस शिविर में कुल 137 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



## नारायणकोटी चिकित्सालयः मेडिसिन शिविर

01 जून से 05 जून तक माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी में आयोजित इस पांच दिवसीय विशेष शिविर में फिजिशियन डॉ संतोष कुमार शर्मा, MBBS, MD, MCCP ने अपनी निःस्वार्थ चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं।

इस शिविर में आस पास एवं दूरस्थ क्षत्रों से भी लाभार्थी आये व उच्च कोटी की स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। डॉ संतोष जी ने हमारी संस्था के सामाजिक कार्यों के प्रशंसा भी करी।



## नारायणकोटी चिकित्सालयः सर्जरी शिविर

हर महीने माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी में विशेष सर्जरी शिविर का नियमित आयोजन किया जाता है जिसमें यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा से जनरल व लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ एम. एम. हमीदी, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ कपिल त्यागी व एनेस्थेटिस्ट डॉ चंचल अपनी अमूल्य व विशिष्ट सेवाएं प्रदान करते हैं।

इस तिमाही में आयोजित हुए विशेष सर्जरी शिविरों में कई जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपादित किए गए।



## पीपलकोटी  चिकित्सालयः सर्जरी शिविर

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी नियमित रूप से स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, पीपलकोटी में हर महीने में विशेष सर्जरी शिविरों का आयोजन कर आसपास व दूर पहाड़ी क्षेत्रों के लाभार्थियों को उत्कृष्ट सर्जरी की सुविधा प्रदान कर रही है। इन शिविरों से रोगियों का दूर अन्य शहरी केन्द्रों में नहीं जाना पड़ता है।

शिविर में धर्मावाला चिकित्सालय से डॉ वैभव प्रताप सिंह, जनरल सर्जन व डॉ सी बी वर्मा, वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट ने सेवाएं दी ं।



# चार धाम आलेख

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोसाइटी द्वारा संचालित तीनों धाम चिकित्सालयों के खुलने के अवसर पर विधिपूर्वक हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे चिकित्सालय के डॉक्टर्स के अतिरिक्त वॉलिंटियर डॉक्टर्स, कई गणमान्य अतिथियों व स्थानीय जनों ने श्रद्धा से भाग लिया।

## 30 अप्रैल – गंगोत्री धाम चिकित्सालयः हवन व पूजन

गंगोत्री धाम चिकित्सालय के खुलने पर हवन पूजन का कार्यक्रम दिनांक 30 अप्रैल, अक्षय तृतीय के दिन आयोजित किया गया।

इस पावन आयोजन में सम्मिलित हुए पुरोहित पूज्य श्री राघव सेमवाल जी, उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक गायक श्री रजनीकांत सेमवाल, वॉलन्टियर डॉक्टर्स डॉ अनिल भट्ट व डॉ अमित श्रीवास्तव एवं सोसाइटी से डॉ शुभम सेमवाल एवं समस्त स्टाफ के द्वारा विधिपूर्वक व रीतिरिवाज से हवन पूजन करके चिकित्सालय रोगियों व तीर्थ यात्रियों की सेवा हेतु शुरु कर दिया गया।



## 04 मई – श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालयः हवन व पूजन व वार्षिकोत्सव

दिनांक 04 मई को भगवान श्री बद्रीविशाल के कपाट खुलने के साथ ही स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय श्री बद्रीनाथ धाम भी विधिवत हवन पूजन के साथ तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य व अन्य आवश्यताओं हेतु खोल दिया गया, साथ ही उस दिन चिकित्सालय का वार्षिकोत्सव भी मनाया गया। आयोजन में उपस्थित रहे चिकित्सालय के पालक व श्री बद्रीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी श्री भुवन चंद्र उनियाल, विभाग प्रचारक चमोली श्रीमान मनोज, जिला प्रचारक श्रीमान मिथलेश, डॉ प्रवीण रेड्डी, डॉ विश्वजीत बैम्बी, डॉ संतोष, डॉ अन्नपूर्णा तथा सभी स्टाफ।



## 02 मई – श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालयः हवन व पूजन

दिनांक 02 मई को भगवान श्री केदारनाथ के कपाट खुलने के साथ ही स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय श्री केदारनाथ धाम भी विधिवत हवन पूजन के साथ तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य व अन्य आवश्यताओं हेतु खोल दिया गया। आयोजन में उपस्थित रहे स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ राकेश त्यागी, अन्य डॉक्टर्स में डॉ नरेश त्यागी, डॉ रेनू त्यागी, डॉ संजीव उपाध्याय, जिला प्रचारक रुद्रप्रयाग श्रीमान पंकज जी तथा सभी स्टाफ।



# कुछ कहानियां सफलता की

## "जहां सेवा बन जाए संकल्प, वहां जन्म लेता है विश्वास..."

हम 12 लोगों की एक टोली मुम्बई से श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर निकली थी। गोरीकुंड से खच्चरों और पिट्ठुओं के सहारे कुछ लोग आए और हममें से चार लोग कठिन पैदल मार्गों से होकर पहुंचे। थकावट से चूर, जब रात लगभग 7:30 बजे हम मंदिर के निकट पहुँचे, तो हमें एक बड़ा–सा बोर्ड दिखा "स्वामी विवेकानन्द चैरिटेबल हॉस्पिटल" – यहां निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध है।

**"सेवा का कोई मूल्य नहीं होता, वह तो समर्पण में जन्म लेती है।"**

जिज्ञासावश हम हॉस्पिटल पहुंचे। मेरी गर्दन में दर्द था, मेरे मित्र को पेट में तकलीफ और मेरे पुत्र को सांस की परेशानी। हमने किसी पंक्ति का इंतजार नहीं किया, न ही कोई औपचारिकता निभानी पड़ी। डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने तुरंत सेवा देना शुरू किया। मेरी गर्दन की जांच कर दवा दी गई, मित्र को पेट दर्द के लिए उच्च गुणवत्ता की दवा मिली और मेरे पुत्र को ऑक्सीजन और चिकित्सा तत्काल मिली।

**"जहाँ उपचार में प्रेम हो, वहाँ दवा से अधिक विश्वास काम करता है।"**

यह देखकर हम अभिभूत रह गए – इतनी ऊँचाई पर, इतनी विषम परिस्थितियों में इतना सशक्त और आत्मीय चिकित्सा केंद्र, वह भी पूरी तरह निःशुल्क! दवाइयां कोई मामूली नहीं थीं, बाजार में महंगी और प्रभावशाली मानी जाने वाली दवाइयां दी गईं।

**"यहाँ का हर डॉक्टर, हर नर्स एक देवदूत की तरह कार्य कर रहा है।"**




https://youtu.be/svX7tAfxobw?si=x3Uw_bZSPmXkDeBb

हमने न कभी किसी के चेहरे पर थकान देखी, न ही झुंझलाहट। हर व्यक्ति हमें परिवार का सदस्य समझ कर सेवा कर रहा था। एक मां की तरह देखभाल, एक मित्र की तरह समझ और एक गुरु की तरह मार्गदर्शन– यही था वहाँ का वातावरण।

मैं समस्त देशवासियों से निवेदन करता हूँ– स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखंड जैसे सेवा भावी ट्रस्ट को दान दें, सहयोग करें, और इसे जन–जन तक पहुँचाएं। यह ट्रस्ट उन लोगों के लिए आशा की किरण है जो आर्थिक, सामाजिक या भौगोलिक कारणों से स्वास्थ्य सेवा से वंचित रह जाते हैं।

**"जिस सेवा में स्वार्थ न हो, वह ईश्वर की साक्षात उपस्थिति है।"**

## जहाँ सेवा ही संकल्प है – केदारनाथ की दिव्य चिकित्सा यात्रा
## "सेवा वही जो समय पर हो, और करुणा वही जो मन को छू जाए..."

मैं बकुल व्यास, मुंबई निवासी, हाल ही में श्री केदारनाथ धाम के दर्शन हेतु पावन यात्रा पर निकला था। इस तीर्थयात्रा में मन में श्रद्धा थी, लेकिन विधाता ने एक छोटी सी परीक्षा ले ली। दिन था अत्यंत भीड़–भाड़ का, VIP दर्शन के लिए टिकट लेने जैसे ही आगे बढ़ा, अचानक लगभग साढ़े चार फीट ऊँचाई से नीचे गिर पड़ा और चोटिल हो गया। पीड़ा असहनीय थी और क्षणभर के लिए मन में डर समा गया, अब क्या होगा इस ऊँचाई पर, इतनी दूर पर्वतीय क्षेत्र में?

**"जब जीवन डगमगाए, तब कोई अपनत्व भरा हाथ ही सहारा बनता है..."**

किसी ने मुझे तुरंत स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, केदारनाथ पहुँचाया। और यहीं से शुरू हुई एक ऐसी अनुभूति, जिसे शब्दों में बाँधना कठिन है। जैसे ही वहाँ पहुँचा, न कोई पर्ची, न कोई औपचारिकता – बस सेवा भाव में रमे चिकित्सक व स्टाफ तुरंत मेरे उपचार में जुट गए। कोई पूछने नहीं आया कि 'कहाँ से आए हैं', 'पैसे लाए हैं या नहीं', बस यही पूछा – 'कहाँ चोट लगी है?'

**'सेवा का सबसे सुंदर रूप है – निःस्वार्थ कर्म।'**

मैंने 1978 से फार्मा क्षेत्र में कार्य करते हुए जीवन का बड़ा हिस्सा देशभर में विभिन्न चिकित्सालयों, मेडिकल सुविधाओं, और

# कुछ कहानियां सफलता की

उद्योगों में बिताया है। परंतु ऐसी तत्परता, ऐसी संवेदनशीलता और आत्मीयता से भरी सेवा, मैंने आज तक कहीं नहीं देखी। डॉक्टरों की आँखों में न कोई घमंड, न कोई विलंब, सिर्फ एक लक्ष्य – रोगी का तुरंत उपचार, और उसे सुकून देना।

**"जहाँ चिकित्सा में ममता जुड़ जाए, वहाँ वह सेवा नहीं, पूजा बन जाती है।"**

मेरे बायें पैर में चोट लगी थी, तुरंत एक्स रे हुआ और वह भी बेड पर जिसमें फ्रैक्चर निकला और फिर प्लास्टर लगा दिया गया, साथ ही दवाएं भी दी गयीं और सबकुछ बिलकुल निःशुल्क। मैं दंग रह गया, यह स्थान केवल एक चिकित्सालय नहीं, सच्चे अर्थों में सेवा का मंदिर है।

मैं सम्पूर्ण हृदय से स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के इस प्रयास को नमन करता हूँ, जिनकी प्रेरणा से इतनी ऊँचाई और कठिन परिस्थिति में भी यह दिव्य चिकित्सा सेवा संभव हो पाई है। अंत में केवल यही कहूँगा–

**"ऐसी सेवा का अनुभव आपको सदा यह विश्वास देता है कि आप अकेले नहीं हैं, मानवता अभी जीवित है, धन्यवाद।"**



https://youtu.be/o_UlXCCMSgY?si=uAPZ3GtbmXh-f3wr

## "जब जीवन संकट में हो और कोई निस्वार्थ भाव से आगे बढ़े, वही सच्ची सेवा कहलाती है।"

हम आंध्र प्रदेश से चार धाम के दर्शन के लिए आए थे। मेरे साथ मेरी माँ भी यात्रा पर थीं। यमुनोत्री धाम के दर्शन को जाते हुए मार्ग में बड़कोट में अचानक मेरी माँ की तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ गई। वे होटल में थीं, और उनकी हालत गंभीर हो गई। हम घबरा गए, क्योंकि इतनी ऊँचाई पर, इतना दूर, इलाज की कोई जल्दी व्यवस्था मिलना बहुत कठिन था।

हम उन्हें दौड़ते हुए स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के बड़कोट के चिकित्सालय लेकर आए। और वहाँ जो अनुभव मिला, वह अविश्वसनीय था। चिकित्सालय के स्टाफ ने तुरंत माँ को संभाला। केवल आधा घंटा पहले तक माँ बोल भी नहीं पा रही थीं, और अब वे सामान्य रूप से बात कर रही हैं। उन्होंने स्वयं डॉक्टरों का धन्यवाद किया।

मैं यह देखकर अभिभूत हूँ कि इतनी विषम परिस्थिति, उच्च हिमालयी क्षेत्र और सीमित संसाधनों में भी यहाँ के डॉक्टर, नर्स और पूरा स्टाफ बिना थके, बिना डरे सेवा में लगे हैं। यह सिर्फ एक अस्पताल नहीं, बल्कि उन असंख्य लोगों के लिए जीवनदान है, जो इस तीर्थयात्रा में किसी संकट में पड़ जाते हैं। मेरी माँ अब ठीक हैं। उनकी मुस्कान लौट आई है। और मेरा दिल भर आया है शब्द कम पड़ते हैं इस मिशन के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए।




https://youtu.be/GLagp6Zm3Tw

# सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

## शिविर – 131, लाभार्थी– 7044



दंत चिकित्सा शिविर, नौगांव, बड़कोट



पोन्टी, बड़कोट



जग्गीबगवान, नारायणकोटी



जोशीमठ, पीपलकोटी



राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर.2 रावली, हरिद्वार



राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज, मनेरी, उत्तरकाशी



देवड़ा, पेटशाल



परखम, वृन्दावन

# सोसाइटी के चार धाम चिकित्सालयों में निःस्वार्थ सेवा देने आये वालंटियर डॉक्टर्स

सोसाइटी इन मानवता के ध्वज वाहकों का कोटी कोटी नमन करती हैं व हृदय से आभारी है इनके सेवा भाव व समर्पण के लिए।

**डॉ आत्रेयो चक्रबर्ती**, त्वचा रोग विशेषज्ञ, कोलकाता

**डॉ आर आर सुकुल**, नेत्र रोग विशेषज्ञ, लखनऊ

**डॉ अदिति श्रीवास्तव**, एम.डी. मेडिसिन, नोएडा

**डॉ शम्मी कालरा**, एम.डी. मेडिसिन, आगरा

**डॉ के एन भट्ट**, एम.डी. मेडिसिन, सूरत

**डॉ संतोष कुमार**, एम.डी. मेडिसिन, दिल्ली

**डॉ विश्वजीत बैम्बी**, एम.डी. मेडिसिन, मेरठ

**डॉ आकांक्षा रेड्डी**, बाल रोग विशेषज्ञ, हैदराबाद

**डॉ के शिवकुमार**, बाल रोग विशेषज्ञ, करीमनगर

**डॉ बी के सिंह**, बाल रोग विशेषज्ञ, दिल्ली

**डॉ के पुरुषोत्तम**, बाल रोग विशेषज्ञ, हैदराबाद

**डॉ एन जी गीता**, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हैदराबाद

**डॉ अन्नपूर्णा**, स्त्री रोग विशेषज्ञ, संगारेड्डी

**डॉ नीलिमा वी**, स्त्री रोग विशेषज्ञ, करीमनगर

**डॉ देवेंद्र भयाल**, जनरल सर्जन, झाबुआ

**डॉ ईशान गुप्ता**, जनरल सर्जन, आगरा

**डॉ मनु बंसल**, जनरल सर्जन, आगरा

**डॉ रणवीर त्यागी**, एम.डी. एनेस्थीसिया, आगरा

**डॉ आदित्य सक्सेना**, फोरेंसिक मेडिसिन, भोपाल

**डॉ रानी दांडेकर भाटिया**, मानसिक रोग विशेषज्ञ, वड़ोदरा

**डॉ राहुल कुमार**, जनरल फिजिशियन, कानपुर

**डॉ अरुण गौड़**, जनरल फिजिशियन, हाथरस

**डॉ रत्नेश गुप्ता**, जनरल फिजिशियन, दिल्ली

**डॉ पुनिता गुप्ता**, जनरल फिजिशियन, दिल्ली

**डॉ हंसराज परमार**, जनरल फिजिशियन – भोपाल

**डॉ सोनाली गोस्वामी**, जनरल फिजिशियन, भोपाल

**डॉ निहारिका अग्रवाल**, जनरल फिजिशियन, दिल्ली

**डॉ अभिनव कुमार**, जनरल फिजिशियन, नोएडा

**डॉ सुधांशु सिंह**, जनरल फिजिशियन, प्रयागराज

**डॉ सागर कुल्लई रेड्डी**, जनरल फिजिशियन, कडप्पा

**डॉ विकास गोयल**, जनरल फिजिशियन, जम्मू

**डॉ मृदुल शर्मा**, आयुर्वेद, हापुड़

**डॉ सी फानी साई**, आयुर्वेद, विजयवाड़ा

**डॉ एन शान्ति**, आयुर्वेद, बापटला

**डॉ दिलीप शाह**, आयुर्वेद, दिल्ली

**डॉ राहुल आर्यल**, आयुर्वेद, नोएडा

**डॉ प्रतीक यादव**, आयुर्वेद, उदयपुर

**डॉ कल्पना चौधरी**, डेंटल सर्जन, हरिद्वार

**डॉ गौरव दुबे**, डेंटल सर्जन, प्रयागराज

**डॉ प्रियांशु मौर्य**, डेंटल सर्जन, गोरखपुर

**डॉ ऋद्धि**, डेंटल सर्जन, दिल्ली

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

### धर्मावाला

**शिविर: 13**
**लाभार्थी: 5950**

**स्पाइन सर्जन**
डॉ. शेखर वाई भोजराज
डॉ. तारुष रुस्तगी
डॉ. दीपेन्द्र तोमर

**जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन**
डॉ. प्रवीण आर. सूर्यवंशी
डॉ. निखिल सिंह
डॉ. शरद गुप्ता
डॉ. आशुतोष सयाना
डॉ. जे. पी. शर्मा
डॉ. प्रशांत लवानिया
डॉ. अक्षय आनंद
डॉ. प्रदीप सिंघल
डॉ. अंशिका ए मित्तल

**यूरोलोजिस्ट**
डॉ. पी. पी. सिंह
डॉ. उमेश शर्मा
डॉ. हरेंद्र गुप्ता
डॉ. एस. के. पाल
डॉ. शैलेन्द्र गोयल
डॉ. प्रशांत लवानिया
डॉ. प्रदीप देब
डॉ. विशाल
डॉ. प्रशांत जैन
डॉ. अश्विन माल्या
डॉ. विकास बंसल
डॉ. आशुतोष कुमार
डॉ. देवप्रिय मित्रा
डॉ. मनोज विश्वास

**प्लास्टिक सर्जन**
डॉ. कुश ऐरन

**गैस्ट्रोइंट्रोलोजिस्ट**
डॉ. सचिन देव मुंजाल

### हरिद्वार

**शिविर: 6**
**लाभार्थी: 764**

**जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन**
डॉ. अभय कुमार
डॉ. दिव्यांशु

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
डॉ. ए. के. जैन

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ. आत्रेयो चक्रबर्ती

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ. मुकेश कुमार

**यूरोलॉजिस्ट**
डॉ. नीरज कुमार अग्रवाल
डॉ. शिव नाथ मेहरोत्रा

**प्लास्टिक सर्जन**
डॉ. विशाल मागो

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. नीतू कोछड़

**फॅमिली मेडिसिन विशेषज्ञ**
डॉ. अशोक शर्मा

**ई.एन.टी. विशेषज्ञ**
डॉ. एस. पी. सिंह

**साइकोथैरेपिस्ट**
डॉ. श्याम लता जुयाल

### पेटशाल

**शिविर: 9**
**लाभार्थी: 300**

**न्यूरो सर्जन**
डॉ. शरद पाण्डे
डॉ. गौरव पुरोहित

**फिजिशियन व चेस्ट रोग विशेषज्ञ**
डॉ. डी सी पुनेरा

**नेत्र रोग विशेषज्ञ**
डॉ. जे सी दुर्गापाल

**फिजिशियन व मधुमेह रोग विशेषज्ञ**
डॉ. निलाम्बर भट्ट

**उदर रोग विशेषज्ञ**
डॉ. मनोज कुमार जोशी

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
डॉ. मोहन सती

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. उषा उप्रेती

**डेन्टल सर्जन**
डॉ अनिल पाण्डे

### दिल्ली

**शिविर: 30**
**लाभार्थी: 752**

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ. सतीश शर्मा
डॉ. मानसी एन देशमुख
डॉ. प्रतीक चौहान

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
डॉ. सर्वेश पाण्डेय

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. सुजाता गर्ग
डॉ. गुंजन मल्होत्रा

**जनरल फिजिशियन**
डॉ. अश्विनी राय
डॉ. मोतीलाल नेगी

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ. निलेश आर जाधव

**हृदय रोग विशेषज्ञ**
डॉ. तरुण कुमार

**बाल रोग विशेषज्ञ**
डॉ. अभिजीत साहा

## वृन्दावन

**शिविर: 13**
**लाभार्थी: 2742**

**बाल रोग विशेषज्ञ**
डॉ. अनीका भंडारी
डॉ. अभिज्ञान चौधरी
डॉ. अश्वनी मिश्रा
डॉ. आकांक्षा यादव
डॉ. मानवी
डॉ. शालू जैन
डॉ. सिद्धार्थ
डॉ. रिमझिम बरसैन

**जनरल सर्जन**
डॉ. मनोज गुप्ता
डॉ. निखिल भाटी
डॉ. प्रदीप
डॉ. श्रेयस बिंदल

**जनरल फिजिशियन**
डॉ. अशोक अग्रवाल
डॉ. बी.एस. गोयल
डॉ. सी.पी. गौतम
डॉ. सरकार
डॉ. सौरभ राय
डॉ. सनंदन मल्होत्रा
डॉ. राहुल
डॉ. राम गुल्हाने
डॉ. रोहन
डॉ. राजकुमार गुप्ता
डॉ. हबीब
डॉ. श्वेता मिश्रा
डॉ. चित्रंजन
डॉ. नागेश कौशल
डॉ. तनवी दुआ

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. आस्था पांडे
डॉ. दीप्ति त्यागी
डॉ. मीनल
डॉ. नीलिमा
डॉ. तान्या पुरोहित
डॉ. समीरा बंसल
डॉ. लीना गुप्ता
डॉ. मयूरी कालरा
डॉ. अंकिता

**मनोचिकित्सक**
डॉ. अभिषेक
डॉ. पुलकित अग्रवाल
डॉ. हेमंत
डॉ. कुनाल जिन्दल

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
डॉ. विकास कुमार सिंह
डॉ. विवेक चंदक
डॉ. कृष्णा
डॉ. उत्सव महेश्वरी
डॉ. प्रवीण
डॉ. शैलेन्द्र
डॉ. तरुण अग्रवाल
डॉ. झील साकडासरिया

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ. अजीत
डॉ. चेतना मलिक
डॉ. झलक साहा
डॉ. निधि पटेल

**ई.एन.टी. विशेषज्ञ**
डॉ. उज्जवल
डॉ. अधिराज सिंह
डॉ. अविनाश राठौर
डॉ. प्राची

**नेत्र रोग विशेषज्ञ**
डॉ. प्रज्योत
डॉ. मनु स्वामी

**रेडियोलॉजिस्ट**
डॉ. के.सी. मिश्रा

**कार्डियोलॉजिस्ट**
डॉ. राजकुमार गुप्ता

**डायबिटोलॉजिस्ट**
डॉ. विमल गुप्ता

**इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ**
डॉ. राज पटेल

**दंत चिकित्सक**
डॉ. सोमेश चौहान

**फिजियोथेरेपिस्ट**
डॉ. खुशबू खंडेलवाल

## उत्तरकाशी

**शिविर: 2**
**लाभार्थी: 318**

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ. पंकज शर्मा
डॉ. नकुल उपाध्याय

**सोनोलॉजिस्ट**
डॉ. ताराश्री सिंघल
डॉ. संजय गुप्ता

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. सीता शर्मा

**जनरल सर्जन**
डॉ. अभय कुमार
डॉ. दिव्यांशु सोनकर

# सामुदायिक कार्यक्रम

## माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम





**संपर्क किए गए गाँव: 177, (हमारे 80% लाभार्थी बुक्सा और जौनसारी जनजातियों के हैं)**

| कुल | प्रारम्भ से | इस तिमाही |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 11423 | 4612 |
| वितरित पैकेट ( एक पैकेट में 6 पैड ) | 83486 | 9158 |

## बाल गोकुलम (बच्चों का साप्ताहिक संस्कार कार्यक्रम)

**धर्मावाला, पेटशाल, बड़कोट, नारायणकोटी, पीपलकोटी, हरिद्वार, उत्तरकाशी**

सोसाइटी के चिकित्सालय नियमित रूप से बाल गोकुलम का आयोजन करते है जो बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को विकसित करने की एक पहल है। यह कार्यक्रम चिकित्सालय के साथ साथ निकटवर्ती गाँवों में किसी के भी घर पर आयोजित किये जाते हैं। इनमे हमारे चिकित्सालयों के आसपास रहने वाले तथा निकटवर्ती गाँवों के बच्चे शामिल लिए जाते हैं। बालगोकुलम की गतिविधियों में मनोरंजक खेल, श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र से कथा वाचन और योग आदि शामिल हैं।



**इंडियन एकेडमी पब्लिक स्कूल, रावली महदूद, हरिद्वार**




**तक्षशिला पब्लिक स्कूल, शील, पेटशाल**



**पीपलकोटी**



**कुर्सिल, बड़कोट**

# समारोहों की झलकियां

## हिन्दू नववर्ष



धर्मावाला

## रामनवमी



धर्मावाला

## प्रथम वार्षिकोत्सव : केशव माधव चिकित्सालय, वृन्दावन







मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे अक्षय पात्र फाउंडेशन, मथुरा के प्रमुख संत स्वामी अनंत वीर्य दास जी, GLA विश्वविद्यालय, मथुरा के कुलाधिपति श्री नारायण दास अग्रवाल जी, S N मेडिकल कॉलेज आगरा के प्रधानाचार्य डॉ प्रशांत गुप्ता जी, यशोदा हॉस्पिटल, गाजियाबाद के संस्थापक डॉ. दिनेश अरोड़ा जी, SVHM सोसाइटी से डॉ. कपिल त्यागी जी, डॉ अशोक अग्रवाल जी व श्री बांके लाल जी।

## द्वितीय वार्षिकोत्सव : श्री महर्षि भृगु धर्मार्थ चिकित्सालय, उत्तरकाशी







मंचासीन बायें से कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी सुरेश्वरानन्द तीर्थ, मुख्य अतिथि डॉ बी एस रावत, मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी, विशिष्ट अतिथि स्वामी विष्णु तीर्थ एवं स्वामिनी प्रेमानंदा व अति विशिष्ट अतिथि डॉ पी एस पोखरियाल, सी.एम.एस. जिला अस्पताल उत्तरकाशी.

# समारोहों की झलकियां

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025



धर्मावाला



हरिद्वार



उत्तरकाशी



गंगोत्री धाम

## हिन्दू साम्राज्य दिवस




नारायणकोटी



बड़कोट


# आंकड़े

## कुल पंजीकरण: 243010





नोटः हमारे तीन चिकित्सालय गंगोत्री, श्री बद्रीनाथ और श्री केदारनाथ, चारधाम यात्रा के समय ही कार्यरत रहते है, इसलिए इन चिकित्सालयों के आंकड़े कार्यरत रहे दिनों/महीनों के ही हैं।

## अन्य सेवाएं




## अल्ट्रासाउंड




| चिकित्सालय | सर्जरी (804) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 415 | 125 |
| उत्तरकाशी | 0 | 12 |
| नारायणकोटी | 8 | 139 |
| बड़कोट | 0 | 14 |
| पीपलकोटी | 4 | 38 |
| हरिद्वार | 19 | 16 |
| डुमेट | 14 | 0 |
| **कुल** | **460** | **344** |

सर्जरी में शामिल हैं सामान्य, स्त्री रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएं | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 1236 | NA | **1236** |
| यूरोफ्लोव्मेट्री | 143 | 30 | **173** |
| एंडोस्कोपी | 150 | NA | **150** |
| इको (ECHO) | 70 | NA | **70** |
| ऑडियोमेट्री | 41 | NA | **41** |
| स्पाईरोमेट्री | 22 | 20 | **42** |

उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध हैं।

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स-रे | ई.सी.जी. | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 71315 | 1086 | 4440 | 1610 | 1209 |
| उत्तरकाशी | 4593 | 33 | 693 | 145 | 454 |
| नारायणकोटी | 3972 | 533 | 727 | 138 | 88 |
| बड़कोट | 1369 | 139 | 548 | 54 | 325 |
| पीपलकोटी | 6013 | 778 | 426 | 269 | 231 |
| श्री बद्रीनाथ (58)* | 5577 | 1287 | 410 | 357 | NA |
| पेटशाल | 1928 | 88 | 319 | 65 | 124 |
| श्री केदारनाथ (60)* | 10215 | 17071 | 1729 | 590 | NA |
| हरिद्वार | 8447 | 358 | 707 | 470 | 2119 |
| गंगोत्री (62)* | 1101 | 731 | 169 | 55 | NA |
| डुमेट | 111 | NA | NA | 192 | 1050 |
| दिल्ली | 1136 | 41 | NA | 8 | 797 |
| वृंदावन | 1103 | NA | 639 | 145 | 160 |
| **कुल** | **116880** | **22145** | **10807** | **4098** | **6557** |

* उपरोक्त आंकड़े चिकित्सालय के संचालन के कार्यरत दिवसों के हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **2,43,019** | **804** | **22,145** | **10,807** | **3,882** | **1,16,880** |
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स–रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

**चार धाम साथी ऐप**
**डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें**

**FOR DOMESTIC DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256
IFSC Code: SBIN0010626

**FOR INTERNATIONAL DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

**दान देने के लिए**
**स्कैन करें**

**सभी दान 80G के तहत कर-मुक्त हैं।**

svhmuk@gmail.com
https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk/
https://www.facebook.com/svhmu/
https://www-instagram.com/svhmuk/
youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

Published by: डॉ अनुज सिंघल (सचिव) 9410924299, On behalf of: स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी Published at: B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001, Printed at: सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड - 248001